रायगढ़, शुक्रवार
29.09.2017
अश्विन शुक्ल 09
पृष्ठ 8, मूल्य 3

साप्ताहिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

Web: www.nyaysakshi.com

3 | भारत और जापान की नजदीकियों से चिढ़ा चीन...
6 | मनोरंजन में विशाल भारद्वाज की फिल्म में ....

» वर्ष-1 » अंक - 25 »

# दुनिया के सबसे बड़े ऑटोमोबाइल बाजार में पेट्रोल, डीजल कारें होंगी प्रतिबंधित

बीजिंग, (आरएनएस)। वायु प्रदूषण से निपटने के लिए दुनिया के सबसे बड़े ऑटोमोबाइल बाजार चीन में पेट्रोल-डीजल वाहनों पर बैन की तैयारी शुरू हो गई है। देश में वाहन निर्माता कंपनियों को समयसीमा दी गई है कि वे अब पेट्रोल-डीजल से चलने वाले वाहनों की बिक्री बंद करें, ताकि 'इलेक्ट्रिक वाहन' विकसित करने में तेजी लाई जा सके। चीन के उद्योग व संचार मंत्री शिन गुओबिन ने बताया कि पेट्रोल-डीजल वाहनों के उत्पादन और बिक्री को रोकने के लिए एक टाइमटेबल बनाने को लेकर सरकार अन्य रेग्युलेटर्स के साथ मिलकर काम कर रही है। शिन ने कहा कि इस कदम से पर्यावरण और चीन के ऑटो उद्योग के विकास पर बहुत बड़ा असर पड़ेगा। इस प्रतिबंध से चीन की और विदेशी वाहन निर्माता कंपनियों को इलेक्ट्रिक वाहन बनाने में जोर देने में मदद मिलेगी। नियमों की सख्ती के जरिए ही ऐसे वाहनों की बिक्री बढ़ेगी, जिससे वायु प्रदूषण तेजी से कम होगा। उन्होंने बताया कि सरकार इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनियों को सबसिडी भी मुहैया करवाएगी। चीन यह प्रतिबंध कब लागू करेगा, यह फिलहाल तय नहीं है, लेकिन अगले साल से वह आंशिक प्रतिबंध शुरू कर सकता है। कार्बन उत्सर्जन कम करने की कोशिश चीन वर्ष 2030 तक अपने देश में कार्बन उत्सर्जन पर लगाम लगाने की कोशिश में है। इससे पहले ब्रिटेन और फ्रांस भी घोषणा कर चुके हैं कि वे साल 2040 तक डीजल और पेट्रोल से चलने वाली गाड़ियों को पूरी तरह से बैन कर देंगे, ताकि वैश्विक तापमान वृद्धि को 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखने वाले लक्ष्य तक पहुंचा जा सके। इधर भारत में भी पेट्रोल, डीजल की कारों को सड़कों से हटाने के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। सरकार ने ऑटोमोबाइल कंपनियों को वैकल्पिक ईंधन अपनाने के लिए सख्त चेतावनी दी है। कंपनियों को चेतावनी देते हुए परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि या तो वे वैकल्पिक ईंधन की तकनीक अपना लें या फिर सख्त परिणाम भुगतने के लिए तैयार हो जाएं। उन्होंने कहा कि हमें वैकल्पिक ईंधन की ओर बढ़ना है और इसमें वह तेजी से काम कर रहे हैं।

## अमेरिका ने उत्तर कोरिया पर लगाए अब तक के सबसे कड़े प्रतिबंध

वॉशिंगटन, (आरएनएस)। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है जिसके तहत उत्तर कोरिया पर अब तक के सबसे कड़े प्रतिबंध लगाए गए हैं। इन प्रतिबंधों से उत्तर कोरिया के बड़े निर्यातों को निशाना बनाने के साथ ही उसे तेल की आपूर्ति में 30 फीसदी की कटौती की जाएगी। प्रस्ताव 2375 का मसौदा अमेरिका ने तैयार किया है। 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद ने इसे सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत निकी हेली ने कहा, 'आज, हम दुनिया को यह बता रहे हैं कि हम कभी परमाणु हथियारों से लैस उत्तर कोरिया को स्वीकार नहीं करेंगे। आज, सुरक्षा परिषद कह रहा है कि अगर उत्तर कोरिया शासन ने अपना परमाणु कार्यक्रम बंद नहीं किया, तो हम उसे रोकने के लिए खुद कदम उठाएंगे। उन्होंने कहा हमने कोशिश की कि शासन सही काम करे। अब हम गलत काम करते रहने की क्षमता हासिल करने से उसे रोकने के लिए कदम उठा रहे हैं। हेली ने कहा कि इसके लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय उत्तर कोरिया के परमाणु हथियार कार्यक्रमों को ईंधन और धन मुहैया करवाने वाले साधनों को निशाना बना रहा है। अमेरिकी राजदूत ने जिक्र किया कि उत्तर कोरिया के परमाणु हथियार बनाने और वितरित करने में तेल की मुख्य भूमिका है। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव के तहत गैस, डीजल और भारी ईंधन तेल में 55 प्रतिशत तक कटौती करने से उत्तर कोरिया को मिलने वाले तेल में 30 प्रतिशत तक की कमी आएगी। अमेरिका का प्रस्ताव प्राकृतिक गैस और तेल के अन्य सह-उत्पादों पर पूरी तरह रोक लगाता है, जिनका इस्तेमाल पेट्रोलियम घटने की स्थिति मे विकल्प के तौर पर किया जा सकता है। इससे गहरा प्रभाव पड़ेगा। हेली ने कहा कि उत्तर कोरिया पर लगाए ये अब तक के सबसे कड़े प्रतिबंध हैं।

## नसों में बहते खून से बिजली बनाने वाला जनरेटर विकसित

बीजिंग, 12 सितंबर (आरएनएस)। मानव रक्त को अनमोल कहा गया है। इसे जीवनदाता माना गया है। इसके दान को महादान की संज्ञा दी जाती है। इस बारे में हम लोगों ने स्लोगन भी बहुत सुने और पढ़े हैं। अब मानव रक्त से बिजली भी बनेगी। चीनी वैज्ञानिकों ने शरीर की धमनियों में बहते खून की ऊर्जा को बिजली में बदलने वाला लाइटवेट पावर जनरेटर विकसित कर लिया है। हजारों वर्षो से लोग विभिन्न उद्देश्यों के लिए बहते या गिरते जल की ऊर्जा से बिजली तैयार करते आ रहे हैं। अब बहते खून से भी बिजली पैदा की जा सकेगी। इसके लिए चीन के फुडन विश्व विद्यालय के शोध कर्ताओं ने एक मिलीमीटर से भी कम मोटा फाइबर तैयार किया है, जो पतली ट्यूब या रक्त वाहिका (धमनियों) में नमकीन घोल से घिरे होने पर बिजली उत्पन्न करता है। चीन के वैज्ञानिक द्वारा तैयार किए गए फाइबर के निर्माण का सिद्धांत बेहद आसान है। इसमें कार्बन नैनोट्यूब की एक क्रमबद्ध सारणी लगातार एक पॉलीमरिक कोर के चारों ओर लपेटी जाती है। कार्बन नैनोट्यूब को एक इलेक्ट्रोएक्टिव के रूप में जाना जाता है। इन्हें शीट्स में काता और श्रेणीबद्ध किया जा सकता है। इलेक्ट्रोएक्टिव धागों में कार्बन नैनोट्यूब शीट्स को आधे माइक्रोन से भी कम मोटाई के फाइबर कोर को लेपित किया जाता है। वैज्ञानिकों ने रक्तों ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए धागे या फाइबर शेपड फ्लूडिक नैनोजनरेटर (एफ एफ एन जी) को इलेक्ट्रोड्स से जोड़ा जाता है और इसे बहते पानी या नमकीन घोल में डुबोया जाता है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, शोध के दौरान एफ एफएनजी और घोल के रिलेटिव मोशन के कारण बिजली उत्पन्न हुई। इससे उत्पन्न हुई बिजली की क्षमता अन्य विधियों से पैदा होने वाली बिजली से 20 गुना अधिक थी। चीन के वैज्ञानिकों के मुताबिक, मेडिकल एप्लीकेशंस में इसका प्रयोग खून से बिजली उत्पन्न करने में किया जा सकता है। वैज्ञानिकों ने मेंढक की तंत्रिकाओं पर इसकी जांच कर इसकी सफलता की पुष्टि कर दी है।

## भूकंप से भीषण तबाही, 226 से ज्यादा की मौत; कई के दबे होने की आशंका

मेक्सिको, 20 सितंबर (आरएनएस)। मेक्सिको सिटी में मंगलवार को भूकंप ने भीषण तबाही मचाई। 7.1 की तीव्रता वाले इस भूकंप में अभी तक 226 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है जबकि सैकड़ों लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। भूकंप के बाद सैकड़ों लोग सड़कों पर आ गए। भूकंप का केंद्र पुएब्ला प्रांत में 52 किमी नीचे बताया जा रहा है। मेक्सिको शहर में अकेले 117 लोगों की मौत हो गई है बताया जा रहा है कि ये झटके इतने तेज थे कि दो करोड़ की आबादी वाला यह शहर अब भी घबराया हुआ है। रिक्टर पैमाने पर 7.1 की तीव्रता वाले भूकंप ने मेक्सिको सिटी, मोरलियोस और पुएब्ला प्रांतों में भारी तबाही मचाई है। मेक्सिको में 32 साल पहले ठीक इसी तारीख को एक तबाही वाला भूकंप आया था जिसमें 10, 000 लोग मारे गए थे। भूकंप के चलते उड़ानों को स्थगित कर दिया गया है।

## भारत और चीन तय करेंगे कि दुनिया किस तरह नया रूप लेगी : राहुल गांधी

प्रिंसटन, (आरएनएस)। कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि भारत और चीन के प्रदर्शन से यह तय होगा कि दुनिया किस तरह नया रूप लेगी। प्रिंसटन यूनिवर्सिटी में छात्रों से रूबरू होते हुए गांधी ने यह भी कहा कि भारत और अमेरिका के बीच गहरा तालमेल है। राहुल ने कहा कि भारत के लिए सभी देशों से संबंधों में संतुलन बनाए रखना अहम है। राहुल गांधी ने कहा, 'बड़ी संख्या में दो तरह का प्रवास हो रहा है -पहला पूरी तरह स्वतंत्र है और दूसरा पूर्णतः नियंत्रित। प्रशासन का तानाबाना इससे अलग-अलग तरीके से निपटता है। भारत और चीन दो बड़े देश हैं जो खेती करने वाले देशों से आधुनिक शहरी मॉडल देश बन रहे हैं। यहां विश्व जनसंख्या का बड़ा हिस्सा है।' उन्होंने कहा, 'ये दोनों देश मूल रूप से दुनिया को नया आकार देने जा रहे हैं। मुझे यह नहीं कहना कि चीन लोकतांत्रिक है या नहीं। उन्होंने अपना रास्ता चुना है और हमने अपना रास्ता चुना है। दुनिया के दो सबसे बड़ी आबादी वाले देशों के बीच सहयोग और प्रतिस्पर्धा है। हमें यह देखना है कि कैसे हम रोजगार लाएं? असल में हमें चीन से मुकाबला करना है।' उन्होंने कहा कि भारत अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि चीन वन बेल्ट, वन रोड (ओबीओआर) परियोजना के जरिए अपना रास्ता बना रहा है। चीन की दुनिया की तरफ एक खास दूरदृष्टि है। गांधी ने भारत को लेकर कई सवाल उठाए। उन्होंने कहा, क्या भारत के पास भी ऐसी ही दूरदृष्टि है? वह दूरदृष्टि कैसी है? हमारे और उनके बीच कितना सहयोग होने जा रहा है? ये कुछ मूल सवाल हैं। लेकिन जिस बात का पता होना चाहिए, वह यह है कि चीन असीम शक्ति के साथ आगे बढ़ रहा है और हमें इसके साथ काम करना है। कांग्रेस नेता ने कहा कि रोजगार उत्पन्न करने और शिक्षा के क्षेत्र में अमेरिका और भारत के बीच सहयोग के लिए बहुत संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि दोनों देशों के बीच गहरा तालमेल है। ऐतिहासिक रूप से भारत ने संबंधों में संतुलन बनाए रखा है। भारत के चीन और रुस से भी संबंध रहे हैं। उसके अमेरिका और दोनों देशों से संबंध रहे हैं। राहुल ने कहा, 'मेरे लिए अमेरिका के साथ कूटनीतिक संबंध महत्वपूर्ण हैं।

## सृजन घोटाले: लालू, तेजस्वी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर

पटना, (आरएनएस)। पटना जिले की एक अदालत में एक रत्न एवं आभूषण व्यवसायी ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद और उनके पुत्र एवं बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के खिलाफ भागलपुर जिले में करोडों रूपये के सृजन घोटाले को लेकर 'बेबुनियाद' आरोप लगाने को लेकर मानहानि का एक परिवाद पत्र दायर किया। पटना के व्यवहार न्यायालय के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ओम प्रकाश की अदालत में आज उक्त परिवाद पत्र भादवि की धारा 500, 504 एवं 505 के तहत रवि जालान द्वारा अपने वकील राधे श्याम सिंह के जरिए दायर किया गया। अदालत इस मामले की सुनवाई कल करेगी। याचिकाकर्ता ने लालू और तेजस्वी पर आरोप लगाया है कि उन पर सृजन घोटाले को लेकर 'बेबुनियाद' आरोप लगाये जाने से उनकी समाज में प्रतिष्ठा घटी इसलिए उन्हें गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने इसके पक्ष में समाचार पत्रों में छपी खबरों का हवाला दिया है। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया है लालू और तेजस्वी ने गत 10 सितम्बर को भागलपुर में रैली और संवाददाता सम्मेलन के दौरान सृजन घोटाले को लेकर उनका नाम लिया था।

## खतरा नजर आया तो उत्तर कोरिया को तबाह कर सकता है अमेरिका-ट्रंप

न्यूयॉर्क, (आरएनएस)। अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में अपने पहले संबोधन में डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका कट्टर इस्लामी आतंकवाद का खात्मा करके रहेगा। उन्होंने कहा कि आतंकियों को वह अपने देश या दुनिया के टुकड़े करने नहीं दे सकते। यूएन महासभा को संबोधित करते हुए ट्रंप ने दुनिया के नेताओं से कहा, 'आतंकी और चरमपंथी दुनिया के हर कोने में मजबूत हुए हैं और फैल रहे हैं। वक्त आ गया है, जब आतंकी संगठनों को वित्तीय मदद और सुरक्षित पनाह मुहैया कराने वाले देशों को बेनकाब किया जाए और उन्हें जिम्मेदार ठहराया जाए। मालूम हो कि पिछले महीने ही ट्रंप ने पाकिस्तान को आतंकियों को सुरक्षित पनाह मुहैया कराने के लिए कड़ी चेतावनी दी थी। ट्रंप ने कहा कि किम जोंग उन की परमाणु शक्ति संपन्न सत्ता अगर अपने पड़ोसियों के लिए खतरा बनी तो उत्तर कोरिया को तबाह करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा, 'अमेरिका के पास काफी ताकत और धैर्य है, लेकिन अगर उसे खुद का या अपने सहयोगियों का बचाव करना पड़ा तो हमारे पास उ.कोरिया को तबाह करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। ट्रंप ने ईरान के साथ परमाणु समझौते को अमेरिका के लिए 'शर्मिंदगी' करार दिया। लिहाजा माना जा रहा है कि अमेरिका या तो इस समझौते को रद कर सकता है या कुछ नई शर्ते लगा सकता है। ट्रंप ने कहा, 'विश्वास कीजिए, यही समय है जब पूरी दुनिया को हमारे साथ मिलकर ईरान सरकार से मौत और विनाश की अपनी खोज समाप्त करने की मांग करनी चाहिए।

## ईडी ने रेलवे होटल भ्रष्टाचार मामले में राबड़ी देवी को समन किया

नयी दिल्ली, (आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रेलवे होटल आवंटन मामले में अपनी धनशोधन जांच के सिलसिले में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को समन किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजद प्रमुख लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी को मामले में 26 सितंबर को जांच अधिकारी (आईओ) के सामने पेश होने के लिए समन किया गया है। संभावना है कि आईओ धन शोधन रोकथाम कानून (पी एम एल ए) के प्रावधानों के तहत उनका बयान रिकार्ड करेंगे। कुछ समय पहले पीएमएलए के तहत लालू प्रसाद के परिवार और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। समझा जा रहा है कि पहली बार बयान दर्ज नहीं कराने के बाद राबड़ी को दूसरी बार समन किया गया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने संप्रग के पूर्व मंत्री पी सी गुप्ता की पत्नी सहित इस मामले में कुछ लोगों से पूछताछ की थी। प्रवर्तन निदेशालय ने इस संबंध में अपनी आपराधिक शिकायत शुरू करने के लिए सीबीआई की प्राथमिकी का संज्ञान लिया था। जुलाई में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सी बी आई) ने आपराधिक प्राथमिकी (प्रथम सूचना रिपोर्ट) दर्ज की थी और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं अन्य के खिलाफ कई बार तलाशी ली थी।

## कांग्रेस पर फिर भड़के राणे कहा, कांग्रेस ने वादाखिलाफी की

कुडल, (आरएनएस)। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री नारायण राणे ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने उनको मुख्यमंत्री बनाने का वादा पूरा नहीं किया। कहा कि उनके एवं समर्थकों के साथ नाइंसाफी हुई। वह 2005 में शिवसेना छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए थे। पूछे जाने पर कल राणे ने कांग्रेस के अशोक चव्हाण पर निशाना साधा था। राणे के भाजपा में शामिल होने की अटकले हैं, उन्होंने भाजपा अध्यक्ष अमित शाह से अहमदाबाद में मुलाकात की थी।

## राहुल गांधी ने की पीएम मोदी की तारीफ

कैलिफोर्निया, (आरएनएस)। अमेरिका की बर्कले यूनिवर्सिटी में राहुल गांधी ने भाषण दिया। भाषण के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक चीज के लिए जमकर तारीफ भी की। राहुल ने कहा मोदी के पास कुछ स्किल्स हैं। वह काफी अच्छे वक्ता हैं, मुझसे काफी अच्छे। वह जानते हैं कि भीड़ में जो तीन-चार तरह के अलग-अलग समूह हैं उन तक संदेश को कैसे पहुंचाया जाए। इस वजह से उनका संदेश ज्यादा लोगों तक पहुंच पाता है। इसके बाद राहुल ने मोदी पर चुटकी भी ली। राहुल ने कहा मुझे लगता है कि मोदी अपने साथ काम करने वालों से बातचीत नहीं करते, सांसद और भाजपा के लोगों ने मुझे यह बताया। इसके अलावा राहुल गांधी ने कहा कि मैं विपक्ष का नेता हूं लेकिन मोदी मेरे भी प्रधानमंत्री हैं। पीएम मोदी मेरे से भी अच्छे वक्ता हैं वह लोगों को मैसेज देना जानते हैं। लेकिन वो भाजपा के नेताओं की भी नहीं सुनते हैं। स्वच्छ भारत एक अच्छा आइडिया, मुझे भी पसंद है। आज रूस पाकिस्तान को हथियार बेच रहा है, जो पहले कभी नहीं हुआ ऐसा पहले नहीं होता था। नेपाल, बर्मा, श्रीलंका, मालदीव में चीन का दबदबा बढ़ रहा है, विदेश नीति में बैलेंस करना जरूरी है। अमेरिका के साथ दोस्ती करना जरूरी लेकिन दूसरे देशों से भी रिश्ते बनाना जरूरी है। इससे पहले राहुल से पूछा गया कि क्या वह नेता नहीं बनना चाहते थे? इसपर राहुल बोले बीजेपी का एक तंत्र है जिसमें 1000 लोग कंप्यूटर पर बैठे हुए हैं और वे ही आपको मेरे बारे में बताते रहते हैं, वह तंत्र काफी अच्छे से काम कर रहा है, वे पूरा दिन मेरे बारे में अभद्र चीजें फैलाते हैं, यह तंत्र वह शख्स चला रहा है जो कि हमारे देश को भी चला रहा है।

## अभ्यास के दौरान हेलिकॉप्टर ने दर्शकों पर गलती से दाग दिया रॉकेट

मॉस्को, 20 सितंबर (आरएनएस)। रूसी सेना के एक हेलिकॉप्टर से बड़ी चूक हो गई। दरअसल, सैन्य अभ्सास के दौरान सेना के दो अटैक हेलिकॉप्टर आसमान में उड़ रहे थे तभी एक हेलिकॉप्टर ने अभ्यास क्षेत्र से थोड़ी दूरी पर खड़े दर्शकों पर रॉकेट दाग दिया। घटना देश के पश्चिमी क्षेत्र की है। बताया जा रहा है कि इसमें दो लोग घायल हो गए। घटना के दो विडियो भी सामने आए हैं। इसमें लोगों और पार्क की गई गाड़ियों की तरफ रॉकेट आते दिखाई देते हैं और कुछ ही देर में जोरदार धमाका हो जाता है। इसके बाद लोग भागते भी दिखते हैं। फुटेज में दो रॉकेट साफ तौर पर सेना के ट्रक की तरह दिखने वाले वाहन पर अटैक करते दिखाई देते हैं। मॉस्को टाइम्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस धमाके में दो पत्रकार घायल हुए हैं। सेना के सूत्रों के हवाले से जानकारी दी गई है कि तकनीकी गड़बड़ी के कारण यह घटना घटी। हेलिकॉप्टर ने गलत टारगेट को लॉक कर दिया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रविवार या सोमवार को ऐस्टोनिया सीमा से 60 मील पूर्व लज्की रेंज में यह घटना घटी। यहां सैन्य अभ्यास चल रहा है। कुछ रिपोर्टों में तीन लोगों के घायल होने की बात कही गई है, जो आम नागरिक नहीं थे। इस बीच, रूसी सरकार ने इस बात से इनकार किया है कि सोमवार को राष्ट्रपति पुतिन के दौरे के समय यह घटना घटी। इस घटना पर बने वीडियो पर रूसी सेना ने यह तो स्वीकार किया है कि विडियो सही है पर कहा कि गलती से मिसाइल छोड़ी गई। सेना ने कहा है कि इस घटना में कोई भी घायल नहीं हुआ है। पिछले कई वर्षों में रूस का सबसे बड़ा सैन्य अभ्यास है। इस रूस-बेलारूस संयुक्त अभ्यास में 13,000 सैनिक, सैकड़ों टैंक और सेना के दूसरे वाहन शामिल हो रहे हैं। यह दोनों देशों में चल रहा है।

## ऑस्ट्रेलिया में सिख परिवार ने जीती पगड़ी की लड़ाई

मलबन, (आरएनएस)। ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले भारतीय सिख परिवार ने एक ईसाई स्कूल के खिलाफ कानूनी लड़ाई जीत ली है। इस स्कूल ने पगड़ी पहनने के कारण 2016 में उनके 5 साल के बेटे सिद्धक सिंह अरोड़ा को दाखिला देने से इनकार कर दिया था। विक्टोरियन सिविल ऐड एडमिनिस्ट्रेटिव ट्राइब्यूनल (वीसीएटी) ने इस मामले में सिख परिवार के पक्ष में अपना फैसला दिया।

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र रायगढ़ एवं जशपुर जिले हेतु रिपोर्टर/संवाददाता चाहिए तत्काल संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400